भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 726

जिसका उत्तर 10 फरवरी, 2025 को दिया जाना है।

.....

कावेरी नदी की सफाई और सौंदर्यीकरण

726. श्री एस. कल्याणसुन्दरम:

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की कुंभकोणम से मयिलाडुतुरै तक कावेरी नदी की सफाई और सौंदर्यीकरण कोई योजना है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) कुंभकोणम में कावेरी नदी का टीडीएस स्तर कितना है और कावेरी नदी में प्रदूषण के नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री श्री राज भूषण चौधरी

(क) और (ख): राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों (यूटी) और शहरी स्थानीय निकायों की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि वे नदियों और अन्य जल निकायों में छोड़े जाने से पहले सीवेज और औद्योगिक अपशिष्ट का आवश्यक उपचार सुनिश्चित करें।

भारत सरकार ने गंगा बेसिन में नदियों/सहायक नदियों में प्रदूषण को कम करने के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम की केंद्रीय क्षेत्र योजना और देश की अन्य नदियों के लिए राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना (एनआरसीपी) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों को वित्तीय सहायता प्रदान करके समर्थन किया है।

एनआरसीपी के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से समय-समय पर विचारार्थ प्राप्त होने वाले प्रदूषण नियंत्रण कार्यों के प्रस्ताव को उनकी प्राथमिकता, एनआरसीपी दिशानिर्देशों के साथ संगति, स्वतंत्र मूल्यांकन, राज्यों की पूंजी व्यय में हिस्सेदारी वहन करने की प्रतिबद्धता, पूर्ण संचालन और रखरखाव लागत, योजना निधियों की उपलब्धता आदि के आधार पर स्वीकृत किया जाता है।

तमिलनाडु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट 2023 के अनुसार, कुंभकोणम में कावेरी नदी में टीडीएस स्तर 322 - 332 मिलीग्राम प्रति लीटर के बीच पाया गया है। वार्षिक रिपोर्ट यहाँ देखी जा सकती है:-

https://tnpcb.gov.in/pdf/wq/AnnualRptNWMP2023.pdf

कावेरी नदी के संरक्षण के लिए, तमिलनाडु के कुंभकोणम में एनआरसीपी के अंतर्गत 17 मिलियन लीटर प्रति दिन (एमएलडी) क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित किए गए थे।

*****